बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

आवश्यक सूचना

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना सं0–653–सह–पठित ज्ञापांक–654, दिनांक–10.09.2025 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना अंतर्गत दायर एम0जे0सी0 सं0–1401/2025 (स्नेही कुमारी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) तथा अन्य सदृश वादों एवं एम0जे0सी0 सं0–1763/2025 (सुधांशु कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) तथा अन्य सदृश वादों में दिनांक–29.08.2025 को पारित न्यायादेश के अनुपालन हेतु बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक–06, दिनांक–04.09.2025 के द्वारा विज्ञापन सं0–02/2017 के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधीन सहायक अभियंता (असैनिक) के संलग्न सूची के अनुरूप कुल–02 (दो) उम्मीदवारों को बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग–॥ में सहायक अभियंता (असैनिक) के पद पर वेतन लेवल–09 में समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत जीवन–यापन भत्ता एवं अन्य देय भत्तों के साथ कार्यभार/प्रभार ग्रहण करने की तिथि से औपबंधिक रूप से नियुक्त किया गया।

विभागीय पत्रांक–715, दिनांक–04.10.2025 द्वारा प्रशिक्षण में भाग लेने की सूचना नव नियुक्त सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक) को दिनांक–06.10.2025 से 05.12.2025 तक निर्धारित प्रशिक्षण हेतु दिनांक–05.10.2025 के अपराह्न में बिपार्ड, गया जी परिसर में योगदान देने का निदेश दिया गया है।

उक्त 02 नव नियुक्त सहायक अभियंता (असैनिक) में से एक सहायक अभियंता (असैनिक) श्रीमती कुमारी प्रतिभा (अनुक्रमांक–201414), पिता–श्री नवीन कुमार, आस्था सदन, गढ़पर, बिहार शरीफ, जिला–नालंदा, पिन–803101 के अभ्यावेदन दिनांक–14.10.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि कुछ व्यक्तिगत कारणों से वर्त्तमान समय में प्रवेशकालीन प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हो पाई है। उनके द्वारा तीन महीने का विस्तार प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

तत्पश्चात् विभागीय पत्रांक–764, दिनांक–11.11.2025 द्वारा श्रीमती कुमारी प्रतिभा को उनके अभ्यावेदन के आलोक में योगदान हेतु अधिकतम एक माह का समय दिया गया। परंतु उनके द्वारा विभाग में योगदान नहीं किया गया है न ही कोई सूचना विभाग में समर्पित की गयी है। पुनः विभागीय पत्रांक–100, दिनांक–17.02.2026 द्वारा श्रीमती कुमारी प्रतिभा को दिनांक–11.03.2026 तक विभाग में अपना योगदान देने का निदेश दिया गया। परंतु उनके द्वारा अब तक विभाग में योगदान नहीं किया गया है न ही कोई सूचना विभाग में समर्पित की गयी है।

अतः दिनांक–30.04.2026 तक विभाग में श्रीमती कुमारी प्रतिभा (अनुक्रमांक–201414), पिता–श्री नवीन कुमार, आस्था सदन, गढ़पर, बिहार शरीफ, जिला–नालंदा, पिन–803101 योगदान देना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि मे योगदान नहीं किये जाने की स्थिति में नियुक्ति रद्द किये जाने के संदर्भ में निर्णय लिया जाएगा।

10/04/26

(अरविन्द कुमार)
अपर सचिव

10.4.26